E-mail: coeoffice@csjmu.ac.in

☎: 0512-2246609
☎: 0512-2246608

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./सी0ओ0ई0/1430 /2026 दिनांक : 12/11 / 2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।

विषयः **सत्र 2026–27 विषम सेमेस्टर (एन0ई0पी0) पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के समर्थ पोर्टल के माध्यम से कोर्स सेलेक्शन, ऑन–लाइन परीक्षा फार्म सब्मिशन तथा परीक्षा शुल्क जमा कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

कृपया आपको अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के पत्र संख्याः सी0एस0जे0एम0वि0वि0/सी0ओ0ई0/1411 /2026 दिनांक 06.11.2026 द्वारा सत्र 2026–27 विषम सेमेस्टर पाठ्यक्रमों (एन0ई0पी0) की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के कोर्स सेलेक्शन, ऑन–लाइन परीक्षा फार्म सब्मिशन तथा परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि 10.11.2026 तक निर्धारित की गयी थी। विभिन्न महाविद्यालयों के अनुरोध पर आदेशानुसार छात्र/छात्राओं के समर्थ पोर्टल के माध्यम से **स्नातक एवं परास्नातक स्तर के प्रथम सेमेस्टर** पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले अर्ह छात्र/छात्राओं का कोर्स सेलेक्शन व ऑन–लाइन परीक्षा फार्म सब्मिशन तथा स्नातक स्तर के प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर व परास्नातक स्तर के प्रथम व तृतीय सेमेस्टर पाठ्यक्रमों का परीक्षा शुल्क विलम्ब शुल्क (**रू0 500/– विलम्ब शुल्क के साथ प्रति छात्र**) के साथ जमा करने की तिथि आज दिनांक 12.11.2026 तक अन्तिम रूप से विस्तारित की जाती है।

अतः आदेशानुसार सम्बन्धित महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्राचार्या को निर्देशित किया जाता है कि अपने स्तर से सभी सम्बन्धित छात्र/छात्राओं को अवगत कराते हुए **स्नातक एवं परास्नातक स्तर के प्रथम सेमेस्टर** की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले अर्ह छात्र/छात्राओं का कोर्स सेलेक्शन व ऑन–लाइन परीक्षा फार्म सब्मिशन तथा स्नातक स्तर के प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर व परास्नातक स्तर के प्रथम व तृतीय सेमेस्टर पाठ्यक्रमों का परीक्षा शुल्क विलम्ब शुल्क के साथ निर्धारित तिथि 12.11.2026 तक अनिवार्य रूप से जमा कराना सुनिश्चित करें, परीक्षा शुल्क जमा न होने की स्थिति में महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं का सत्र 2026–27 विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किए जायेंगे तथा छात्र/छात्राओं के परीक्षा से वंचित होने का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्राचार्या का स्वयं होगा।

भवदीय,

(राकेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, सी0डी0सी0, सी0एस0जी0एम0वि0वि0, कानपुर।
2. सिस्टम मैनेजर, सी0एस0जे0एम0वि0वि0, कानपुर।
3. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ प्रेषित।
4. वैय0 सहायक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
5. पी.एम.यू. सेल/प्रभारी, कोडिंग ।
6. सम्बन्धित पत्रावली।

(अंजलि मौर्या) 12/11/26
उप कुलसचिव (परीक्षा)